छत्तीसगढ़ शासन
सामान्य प्रशासन विभाग
मंत्रालय
महानदी भवन नवा रायपुर अटल नगर
जिला- रायपुर-492002
E-mail ID- cg-gad-6@cg.gov.in

File No.:GENCOR-35/2967/2025-HOME SECTION नवा रायपुर अटल नगर, दि.28-04-2026

प्रति,

समस्त भारसाधक सचिव,
छत्तीसगढ़ शासन,
समस्त विभागाध्यक्ष
समस्त संभागायुक्त
समस्त कलेक्टर्स
छत्तीसगढ़।

विषयः- जनगणना 2027 कार्य में कार्यरत अधिकारियों/कर्मचारियों का स्थानांतरण नहीं करने के संबंध में।

---0---

सामान्य प्रशासन विभाग के परिपत्र क्र. RULE-3017/2/2025-GAD- 6, दिनांक 05 जून, 2025 द्वारा दिनांक 25.06.2025 के पश्चात् स्थानांतरण पर पूर्ण प्रतिबंध लगाया गया है। केवल अत्यावश्यक होने पर ही विशेष परिस्थितियों में समन्वय के माध्यम से माननीय मुख्यमंत्री जी के अनुमोदन से ही स्थानांतरण किये किये जा सकते हैं।

2/ जनगणना 2027 का पहला चरण, मकान-सूचीकरण एवं मकानों की गणना अप्रैल-सितंबर, 2026 के दौरान किया जाएगा। दूसरा चरण जनसंख्या गणना फरवरी, 2027 में आयोजित किया जाएगा। अतः मकान-सूचीकरण कार्य के सुनियोजित तथा निर्विघ्न संपादन लिए यह आवश्यक है कि इस कार्य में संलग्न राज्य शासन के अधिकारी/कर्मचारियों को जनगणना कार्य पूर्ण होने तक स्थानांतरित न किया जाये। इस संबंध में गृह सचिव, भारत सरकार गृह मंत्रालय के अर्द्ध शासकीय पत्र क्रमांक 9/12/2026-CD(Cen), दिनांक 11/03/2026 की छाया प्रति संलग्न है।

3/ अनुरोध है कि, उक्त पत्र मे दिये गये निर्देशों के पालन में जनगणना 2027 के कार्यों में लगाए गए आपके विभाग के जिला/तहसील/ब्लाक स्तर के मैदानी अधिकारियों/कर्मचारियों को, जब तक अपरिहार्य कारण न हों, जनगणना 2027 के कार्य पूर्ण होने तक, यथासंभव स्थानांतरित न किया जावे।

Digitally signed by
AVINASH CHAMPAWAT
Date: 28-04-2026
12:33:41

(अविनाश चम्पावत)
सचिव
छत्तीसगढ़ शासन
सामान्य प्रशासन विभाग

क्र.FileNo.:GENCOR-35/2967/2025-HOME SECTION नवा रायपुर , दि.28-04-2026

प्रतिलिपि:-

1. अपर मुख्य सचिव, छत्तीसगढ़ शासन, गृह विभाग, मंत्रालय, महानदी भवन नवा रायपुर अटल नगर,

2. भारत के महारजिस्ट्रार एवं जनगणना आयुक्त कार्यालय, रूम नं. 35101, पाँचवी मंजिल, कर्तव्य भवन, 3 जनपथ, नई दिल्ली,

3. निदेशक, जनगणना कार्य निदेशालय छत्तीसगढ़, जनगणना भवन, प्लॉट नं.-10, सेक्टर-24, झांझ, नवा रायपुर अटल नगर,

4. विशेष कर्तव्यस्थय अधिकारी, मुख्य सचिव कार्यालय, मंत्रालय, महानदी भवन, नवा रायपुर अटल नगर,

की ओर सूचनार्थ प्रेषित।

Digitally signed by
GORE LAL BHUARYA
Date: 28-04-2026
14:37:18

गोविंद मोहन, भा.प्र.से.
GOVIND MOHAN, IAS

गृह सचिव
Home Secretary
भारत सरकार
Government of India
कर्तव्य भवन–3 / Kartavya Bhavan-3
नई दिल्ली / New Delhi

सत्यमेव जयते

डायरी क्र. 95 (आ.सं.)
गृह विभाग (समन्वय शाखा)
दिनांक 12/03/2026

अर्द्धशासकीय पत्र सं. 9/12/2026-CD(Cen) दिनांकः 11 मार्च, 2026

प्रिय मुख्य सचिव,

जैसा कि आप विदित हैं, जनगणना 2027 की तैयारियां अब ज़ोरों पर हैं। इसे स्व-गणना के प्रावधान के साथ दो चरणों में डिजिटल माध्यम से निष्पादित किया जाएगा । जनगणना का पहला चरण, मकान-सूचीकरण एवं मकानों की गणना अप्रैल-सितंबर, 2026 के दौरान सभी राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों में उनकी स्थानीय परिस्थिति के अनुसार 30 दिनों की समय अवधि में किया जाएगा। दूसरा चरण - जनसंख्या गणना फरवरी, 2027 में (लद्दाख, और J&K, हिमाचल प्रदेश, और उत्तराखंड के बर्फ से ढके इलाकों में सितंबर, 2026 में) आयोजित किया जाएगा।

2. ज़्यादातर राज्यों/ केंद्र शासित प्रदेशों में राज्य, ज़िला, तहसील और गणना ब्लॉक स्तर तक के जनगणना अधिकारियों की नियुक्ति की प्रक्रिया पहले ही आरम्भ हो चुकी है। इन जनगणना अधिकारियों का प्रशिक्षण भी अलग-अलग राज्यों/UTs में प्रारंभ हो गया है। इन अधिकारियों को जनगणना अधिनियम, 1948 एवं जनगणना नियमावली, 1990 के अंतर्गत वैधानिक कार्य करने होते हैं। अतः यह आवश्यक है कि एक बार जनगणना कर्मी के रूप में नियुक्ति लेने के बाद, उन्हें तब तक स्थानांतरित न किया जाए जब तक सम्पूर्ण जनगणना कार्य निष्पादित न हो जाए।

3. मैं आपका आभारी रहूंगा, यदि आप आवश्यक निर्देश जारी करने की व्यवस्था कर सकें, जिससे यह सुनिश्चित किया जा सके कि जनगणना 2027 के लिए नियुक्त जनगणना पदाधिकारियों का 31 मार्च, 2027 तक स्थानांतरण न हो। बहुत अच्छा रहेगा, यदि इस विषय पर जारी निर्देशों की एक प्रति भारत के महारजिस्ट्रार एवं जनगणना आयुक्त कार्यालय, नई दिल्ली को भी पृष्ठांकित की जाए।

सादर,

आपका शुभाकांक्षी,

(गोविंद मोहन)

<u>मुख्य सचिव (सभी राज्य/केंद्र शासित प्रदेश)</u>

Room No. 35101, 5th Floor, Kartavya Bhavan-3, Janpath, New Delhi-110001
Phone : +91-11-24010001-02, E-mail : hshso@nic.in